भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2859

उत्तर देने की तारीख- 12/08/2026

पीएमजेयूजीए के अंतर्गत जनजातीय समुदायों का विकास

2859 श्री देबाशीष सामंतराय:
क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (पीएमजेयूजीए) के अंतर्गत क्या प्रगति हुई है;
(ख) इसमें शामिल किए गए आदिवासी गांवों की संख्या कितनी है;
(ग) ओडिशा सहित राज्यों को क्या सहायता प्रदान की गई है; और
(घ) इससे क्या प्रमुख परिणाम प्राप्त हुए हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क): माननीय प्रधानमंत्री जी ने 2 अक्टूबर, 2024 को प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (पीएम-जेयूजीए)/धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान में 17 लाइन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपाय (हस्तक्षेप) शामिल हैं तथा इसका उद्देश्य 5 वर्षों में 63,843 गांवों में अवसंरचनात्मक अंतरों को संतृप्त करना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच तथा 30 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के 549 जिलों एवं 2,911 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभान्वित करते हुए आजीविका के अवसर प्रदान करना है।
अभियान के अंतर्गत की गई प्रगति **अनुलग्नक**-I के अनुसार है।

(ख): डीएजेजीयूए के अंतर्गत कवर किए गए ब्लॉकों, गांवों एवं अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का राज्य-वार वितरण **अनुलग्नक -II** के अनुसार है।

(ग) एवं (घ): प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (पीएम-जेयूजीए)/धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के अंतर्गत ओडिशा सहित, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा स्वीकृत निधियों का राज्य-वार ब्यौरा तथा उस पर प्राप्त उपलब्धि **अनुलग्नक -III** के अनुसार है।

अनुलग्नक I

वास्तविक लक्ष्य और उपलब्धियां (01.07.2026 तक)-डीएजेजीयूए						
क्र. सं.	**मंत्रालय**	**गतिविधि**	**मिशन लक्ष्य (2024-2028)**	**मार्च 2026 तक लक्ष्य**	**स्वीकृति**	**प्रगति**
1	**ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी)**	पीएमएवाई-जी आवास	20 लाख	6 लाख	स्वीकृत मकान: 13,02,811	पूरे हुए मकान: 8,21,566
		पीएमजीएसवाई – सड़कें	25,000 किलोमीटर सड़क	7,500 गाँव	14 राज्यों में 5008 किलोमीटर सड़कों को स्वीकृति	3.9 किलोमीटर सड़क का काम पूरा हुआ
2	**जल शक्ति मंत्रालय**	जल जीवन मिशन (जेजेएम)	सभी गाँवों को संतृप्त किया जाना है।	1,500 गाँव	स्वीकृत गांव: 63,035	संतृप्त गांव: 29,497
3	**विद्युत मंत्रालय**	नवस्वरूपित वितरण क्षेत्र योजना आरडीएसएस	2.35 लाख आवास	70,000 आवास का विद्युतीकरण किया जाएगा	स्वीकृत: 2,87,761 आवास और सार्वजनिक संस्थान	विद्युतीकृत: 98,167 आवास और सार्वजनिक संस्थान
4	**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**	नई सौर ऊर्जा योजना – पीएम सूर्य घर योजना	आवासों और सार्वजनिक संस्थानों का विद्युतीकरण		स्वीकृत: 4,099 आवास (मणिपुर में 100 और अरुणाचल प्रदेश में 3,099) और 8 सार्वजनिक संस्थान स्वीकृत (असम में)।	4099 आवासों में विद्युतीकरण पूर्ण हुआ।
5	**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सचल चिकित्सा इकाइयाँ	1,000 एमएमयू	100 एमएमयू	436 एमएमयू	436 संचालित एमएमयू
6	**महिला और बाल विकास मंत्रालय**	आंगनवाड़ी केंद्र – पोषण 2.0 (आईसीडीएस)	2,000 नई आंगनवाड़ी केंद्र	400 नई	स्वीकृत: 875	681 संचालित आंगनवाड़ी केंद्र
7	**स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय**	समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए)	1,000 छात्रावास	300 छात्रावास	692 स्वीकृत छात्रावास	4 छात्रावास पूर्ण हो चुके हैं
8	**दूरसंचार विभाग**	सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ)	5,252 गांव	1500 गांव	संतृप्त गांव: 5,252	कवर किए गए गाँव: 3,777
9	**पर्यटन मंत्रालय**	उत्तरदायी पर्यटन (स्वदेश दर्शन)	1000 गृह प्रवास (होम स्टे)	100 गृह प्रवास (होम स्टे)	17.7 करोड़ रुपये की लागत की गृह प्रवास (होम स्टे) परियोजनाएं	अनुमोदित राज्यों एपी, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, मिजोरम, लद्दाख में काम शुरू किया जाएगा

10	**कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय**	प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई)	एफआरए पट्टा धारकों को कृषि सहायता (~ 2 लाख)	60, 000 लाभार्थी	असम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात और जम्मू-कश्मीर से प्रस्ताव	प्रस्ताव, अनुमोदन के अधीन है
11	**मत्स्य पालन विभाग**	प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना(पीएमएमएसवाई)	जनजातीय मछुआरों को सहायताः 10,000 आईएफआर और 1000 सीएफआर	3000 लाभार्थी	10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 8,868 व्यक्तिगत और 1,034 सामुदायिक गतिविधियों को शामिल करने पर स्वीकृति	4808 व्यक्तिगत कवर किए गए
12	**पशुपालन और डेयरी विभाग**	राष्ट्रीय पशुधन मिशन	8500 आईएफआर धारकों को पशुधन प्रबंधन सहायता	2550 लाभार्थी	6 राज्यों में 1,808 एफआरए पट्टा धारक	विभाग ने राज्यों को 5.68 करोड़ रुपये जारी किए
13	**कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय**	जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना	(i) जनजातीय जिलों में 30 कौशल केंद्र	300 वीडीवीके के लिए 9 कौशल केंद्र और प्रशिक्षण	30 जनजातीय कौशल केंद्र स्वीकृत किए गए हैं	देश भर में 30 कौशल केंद्रों का उद्घाटन किया गया है
			(ii) 1000 वीडीवीके और जनजातीय समूहों का प्रशिक्षण		64, 401 सदस्यों के प्रशिक्षण को स्वीकृति	214 वीडीवीके में 27,668 सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया
14	**आयुष मंत्रालय**	पोषण वाटिकाएँ - राष्ट्रीय आयुष मिशन		700 पोषण वाटिकाएँ	ईएमआरएस में 111 पोषण वाटिका को स्वीकृति	कार्यान्वयन प्रगति पर है
15	**पंचायती राज मंत्रालय**	राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए)	एफआरए से संबंधित सभी ग्राम सभाओं, उप-मंडलों और जिलों में एफआरए जागरूकता कार्यक्रम		कुल अजजा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य-46,19,662	कुल प्रशिक्षित अजजा प्रतिभागी-7,81,661
16	**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**	एलपीजी – उज्ज्वला योजना	25 लाख एलपीजी कनेक्शन	7.5 लाख आवास	23,16,049 कनेक्शन स्वीकृत किए गए	1,32,090 कनेक्शन वितरित किए गए

अनुलग्नक II

क्र.सं.	राज्य का नाम	जिले की संख्या	ब्लॉक की संख्या	गांव की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	18	107	878
2	अरुणाचल प्रदेश	23	84	329
3	असम	32	147	3161
4	बिहार	24	74	771
5	छत्तीसगढ़	32	138	6691
6	गोवा	2	9	25
7	गुजरात	21	102	4265
8	हिमाचल प्रदेश	10	26	270
9	जम्मू और कश्मीर	20	112	393
10	झारखंड	24	231	7139
11	कर्नाटक	28	129	1089
12	केरल	4	9	89
13	लद्दाख	2	30	143
14	लक्षद्वीप	1	2	2
15	मध्य प्रदेश	51	267	11377
16	महाराष्ट्र	32	214	4975
17	मणिपुर	13	57	516
18	मेघालय	12	53	1437
19	मिजोरम	11	26	383
20	नागालैंड	16	74	608
21	ओडिशा	27	234	7667
22	राजस्थान	30	208	6019
23	सिक्किम	6	26	119
24	तमिलनाडु	16	36	248
25	तेलंगाना	30	230	924
26	दमन व दीव तथा दादरा नगर हवेली	2	2	76
27	त्रिपुरा	8	52	392
28	उत्तर प्रदेश	26	47	517
29	उत्तराखंड	7	15	128
30	पश्चिम बंगाल	21	170	3212
	कुल योग	**549**	**2911**	**63843**

अनुलग्नक III

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम	24-25 के दौरान जारी की गई निधि (लाख रुपये में)	25-26 के दौरान जारी की गई निधि (लाख रुपये में)	वर्ष 2025-26 के दौरान पीएफएमएस - एसएनए स्पर्श पर जारी की गई निधि (लाख रुपये में)	वर्ष 2026-27 के दौरान पीएफएमएस - एसएनए स्पर्श पर जारी की गई निधि (लाख रुपये में)
1	आंध्र प्रदेश	0	2057.5	4115.00	3944.05
2	अरुणाचल प्रदेश	0	749.5	1124.25	1531
3	असम	13518.69	0	1186.00	7214.42
4	बिहार	0	509.8	682.28	484.15
5	छत्तीसगढ़	3654.74	0	1866.00	16429.6
6	गुजरात	0	0	8792.28	14606
7	हिमाचल प्रदेश	1368.734	0	47.60	707.32
8	जम्मू एवं कश्मीर	0	0	3921.00	2002
9	झारखंड	0	8894.75	2242.62	15484.31
10	कर्नाटक	0	0	2877.50	6331.3
11	केरल	0	389.75	779.50	604.34
12	लद्दाख	0	0	50.00	50.00
13	मध्य प्रदेश	9136.882	0	6798.50	30865.9
14	महाराष्ट्र	0	8955.25	13432.88	18289
15	मणिपुर	0	813.25	935.00	1391.25
16	मिजोरम	0	0	-	1692
17	नागालैंड	678.4	0	483.50	1993.84
18	ओडिशा	17422.8	0	1253.55	19712
19	राजस्थान	0	0	8373.80	17763
20	सिक्किम	0	389.75	584.63	724.00
21	तमिलनाडु	1987.754	0	230.50	350.67
22	तेलंगाना	0	0	4319.30	5033.68
23	त्रिपुरा	0	913.25	230.26	1452
24	उत्तर प्रदेश	0	0	443.76	1420.99
25	उत्तराखंड	0	0	146.11	795.53
26	पश्चिम बंगाल	0	0	442.00	442
कुल		**47768**	**23672.8**	**65357.795**	**171314.35**

*****